Welcome to Kindergarten™
CANADIAN EDUCATION WAREHOUSE

PLAY CREATE TALK READ

# हर रोज़ बातें करें, पढ़ें, गाएं, खेलें!

## वेलकम टू किंडरगार्ट न बैग के संसाधनों का एक साथ पररयोग ...

## बोलना और पढ

### पढने से संबंधति हैं:

गले लगाना बातें करना चुनना



अपने बच्चे को रोज़ पढ़ कर सुनाने से उसकी शब्दावली का विकास, सुनने और बोलने के कौशल औरकिताबों और कहानियों में उस की रूचि में बढ़ोतरी होगी।

- अपने बच्चे की रूचि अनुसाररोज़ अलग तरह की कहानियाँ पढ़ कर सुनाएं
- उस के साथ चित्र देखें और उन के बारे में बात करें। अपने बच्चे की दुनिया से संपर्क जोड़ें।
- अपनी स्थानीय लाइब्रेरी में जाएँ और लाइब्रेरी के कार्यक्रमों में भाग लें।

.

## छपाई पर गौर करना

अक्षरों और नंबरों को किताबों से, घर के सामान और अपने आस पास की जगहों से जोड़ें।

- मैग्नेटिक अक्षरों और नंबरों को टेम्पलेट से जोड़ें, ABC ABC वालागाना गाएं, फ्रिज, कुकी शीट या प्लेस मैट पर बच्चे का नाम बनाएं।
- घर में मौजूद चीज़ों को गिनें (जैसे कि, मोज़ों की जोड़ी; परिवारकेखानाखाने के लिए कांटे, छुरी और चम्मचों की गिनती)
- अक्षरों और नंबरों को किताब में छपे, सीरियल बॉक्स पर छपे या बड़ी छपाई वालीकिसीअन्य जगह से जोड़ें।
- रंगों, अक्षरों, आकारों और नंबरों के पैटर्न और अनुक्रमबनाएं (जैसे ababa ababa 123 123)
- पता लगाना कि मैगनेट कौन सी धातुओं से चिपकेगा।

Welcome to Kindergarten™
CANADIAN EDUCATION WAREHOUSE

# हर रोज़ बातें करें, पढ़ें, गाएं, खेलें!

## रचनात्मक अन्वेषण

अपने बच्चे की रूचि और कल्पना के अनुसार क्रेयॉन, ग्लूऔर कैंची से चित्र बनाएँ, निर्माण करें, काटें और चिपकाएँ। रचनात्मक गतिविधियों के लिए ज़रूरी उँगलियों पर नियंत्रण और तालमेल से उसके हाथ भविष्य की लिखने की गतिविधियों के लिए तैयार करेंगे।



- अपने बच्चे को क्रेयॉन, मार्कर, फिंगर पेंट या अन्य रोचक सामान जैसे कि रेत और शेविंग फोम से चैत्र बनाने और रंगने को प्रोत्साहित करें।
- अपने बच्चे की रूचि के हिसाब से पुरानी मैगज़ीन और अखबारों में से चित्र ढूंढ कर काट लें।
- पसंदीदा चित्रों को कागज़ या अन्य चीज़ों जैसे कि जूते के डिब्बे पर चिपकाने के भिन्न नए नए तरीके ढूंढें।
- अपने बच्चे की चित्रकला की प्रशंसा करेंऔर औरों के देखने के लिए उसे पोस्ट करें।

प्लेडो बच्चों की कल्पनाशक्ति और उँगलियों पर उन के नियंत्रण और तालमेल को बढाने में मदद करता है। अपने बच्चे को भिन्न भिन्न रंगों में वस्तुएं, आकार, जानवर या अक्षर बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।

**प्लेडो बनाने की विधि:**

600 मी.ली. आटा (2 1/2 कप), 120 मी.ली. नमक(1/2 कप), 10 मी.ली. क्रीम ऑफ़ टार्टर या फिटकरी (2 छोटे चम्मच), 480 मि.ली. खोलता हुआ पानी (2 कप), 30 मि.ली. तेल(2-3 बड़े चम्मच), 2 पैकेट शक्कर-रहित कूल-ऐड।

1. सब सामग्री को अच्छे से एक साथ मिलाएं।
2. डो को गूंध लें और यह इस्तेमाल के लिए तैयार है।
3. इसे ढक्कन वाले प्लास्टिक डिब्बे या ज़िप-लॉक बैग में रखें।

## संगीत और हरकतें



सभी बच्चों को संगीत और शारीरिक गतिविधियाँ अच्छी लगती हैं।

- गाने की लय पर बॉल को उछालें, किक करें और पकड़ें।
- वेलकम टू किंडरगार्टन संगीत सुनते हुए साथ में गाएं, नाचें, तालियाँ बजाएं और गिनती गिनें।

अपने बच्चे के साथ सक्रिय रहने और स्वस्थ विकल्पों के बारे में बात करने से ऐसे आदतों का निर्माण होगा जिस से आरंभिक शिक्षा और लम्बी अवधि में स्वास्थ्य के विकास को सहयोग मिलेगा।